आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का किया विमोचन, पहलगाम आंतकी हमले को देश के लिए चुनौती बताया, कहा–प्रधानमंत्री ने स्वीकार की है सबसे बड़ी चुनौती।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स दो हजार पचीस का मुंबई में किया उद्घाटन, कहा–कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढ़ावा देगा यह वैश्विक मंच।
- समूह ग की भर्ती के लिए अनिवार्य प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा पीईटी की वैधता अवधि बढ़ी, अब तीन वर्ष तक भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे पीईटी पास अभ्यर्थी।
- श्रद्धालुओं के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट, यात्रा के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता पर रहेगा विशेष जोर।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल की आत्मकथा को प्रेरक बताया। इस अवसर पर पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम की दुखद घटना देश के सामने एक चुनौती प्रस्तुत करती है।

***पहलगाम एक चुनौती प्रस्तुत करता है। हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और राष्ट्रीयता से हम ओतप्रोत है। इससे हम दूर नहीं अटक सकते और यही कारण है कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी चुनौती स्वीकार की और चुनौतियों को अवसर में बदला।***

उपराष्ट्रपति ने प्रदेश की आर्थिक प्रगति, बेहतर कानून–व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में हुए विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में हुआ यूपी का विकास, शोध का विषय है।

***साढ़े आठ साल में बिना कोई टैक्स लगाए हुए टेल्व पॉइंट सेवेन फाइव लाख की जो करोड़ की जो इकोनॉमी थी उसको करीब तीस लाख करोड़ तक ले गए। हर अर्थशास्त्री के लिए अचंबा है कि उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश इस तरीके से बनाए ये शोध का विषय है।***

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यह पुस्तक आत्मबल, परिश्रम और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणादायक गाथा है। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यपाल के संघर्षमय जीवन की चुनौतियों पर लिखी गई यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। इस आयोजन में प्रदेश के भी कई क्रिएटर्स को विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक मंच है, जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढ़ावा देगा।

**सौ से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इन्वेटर्स, इन्वेस्टर्स और पॉलिसी मेकर एक साथ, एक ही छत के नीचे एकत्र आए हैं। वेव्स ये सिर्फ एक्रोनियम नहीं, ये वाकई एक वेव है, कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की।**

प्रधानमंत्री ने वेव्स बाजार पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्में अब दुनिया के हर कोने में पहुँच रही हैं और आज ये सौ से अधिक देशों में प्रदर्शित होती हैं। देश में ओटीटी क्षेत्र में प्रभावशाली वृद्धि की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं पर कहा कि आगामी वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान बहुत बढ़ जाएगा।

**********

वेव्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह सम्मेलन रचनाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा और नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानने का अवसर देगा।

**********

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**निर्वाचन आयोग अब मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकड़े देश के महापंजीयक से सीधे इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त करेगा। इसलिए सुनिश्चित हो सकेगा कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत मृत्यु के बारे में समय पर सूचना मिल सके । इससे बूथ स्तर के अधिकारियों और बीएलओ को भी क्षेत्रीय दलों के जरिए सूचना की पुनः जांच करने में सुविधा होगी। मतदाता सूचना पर्चियां को अधिक**

**मतदाता अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने उनके डिजाइन को संशोधित करने का निर्णय लिया है। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। इसमें फॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा। सुपर्णा सिंधिया के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार।**

**********

प्रदेश सरकार ने समूह ग के लिए अनिवार्य प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा पीईटी की वैधता की अवधि को तीन वर्ष कर दिया है। इससे उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की इस परीक्षा को पास करने के बाद अब अभ्यर्थी तीन वर्ष तक समूह ग की भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले यह समय सीमा एक वर्ष की थी। इस संबंध में भेजे गये संशोधित शासनादेश के मुताबिक इसका लाभ वर्ष दो हजार पचीस में या उसके बाद आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों को मिलेगा।

**********

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट अबसे थोड़ी देर पहले ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आकाशवाणी से भी किया गया। इससे पहले, परम्परागत बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी सेना के बैंड की मधुर धुनों और भक्ति के जयकारों के साथ कल ही धाम में पहुंच गई। केदारनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि वहां दस हजार से अधिक तीर्थयात्री कल ही पवित्र मंदिर में पहुंच चुके थे।

**********

शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे पर आज और कल वायुसेना के सबसे एडवांस फाइटर और ट्रांसपोर्ट एयर क्राफ्ट्स को टेकऑफ एवं लैंड कराया जाएगा। इसमें राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे। सभी फाइटर जेट्स बरेली एयर फोर्स स्टेशन से उड़ान भरेंगे। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेस–वे को वैकल्पिक रन–वे के रूप में इस्तेमाल करना है। वायुसेना के अभ्यास को देखते हुए कटरा– जलालाबाद मार्ग आज शाम सात बजे से रात दस बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। ज़िलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायुसेना के अभ्यास को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**सारी तैयारियां हम लोगों ने कर ली है। एयर फोर्स की जो भी डिमांड थी वहां पे बसे हॉस्पिटल बनाने की वहां पे सीसीटीवी कैमरे लगाने की नाइट लैंडिंग से संबंधित जो भी तैयारियां सभी पूरी कर ली गई है और एयर फोर्स भी पूरी हमारी तैयारियों से संतुष्ट है। जहां तक पब्लिक की बात है तो कोई भी एंट्री बिना पास के नहीं होगी। दो तारीख को जो है पास के थ्रोग एंट्री सभी लोगों की है। तीन तारीख को हम लोग पब्लिक को भी पास देंगे और उसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में संपर्क करना होगा।**

**********

नमो भारत ट्रेन का दिल्ली मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आखिरी स्टेशन मोदीपुरम तक कल ट्रॉयल रन किया गया। इसे शताब्दीनगर से मोदीपुरम के बीच चलाया गया। वर्तमान में नमो भारत ट्रेन न्यू अशोकनगर से मेरठ दक्षिणी के बीच पचपन किलोमीटर के सेक्शन पर चलाई जा रही है। दिल्ली और मेरठ के बीच बयासी किलोमीटर का पूरा नमो भारत कॉरिडोर संचालित होने के बाद यह दूरी पचपन मिनट में पूरी हो जाएगी।

**********

प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद समेत कई पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर आज सुबह तेज आंधी के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। कल प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आंधी के साथ बारिश हुई। साथ ही ओले पड़े और कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी घटनाएं हुईं। गोरखपुर और बस्ती में कल बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल देने के निर्देश दिए। मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा, बौछारें पड़ने और तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई है।

**********